# हाईस्कूल परीक्षा–2020

## गृह विज्ञान

समय– तीन धण्टे 15 मिनट !

नोट– प्रारम्भ के 15 मिनट परीक्षार्थियों को प्रश्नपत्र पढने के लिए निर्धारित है ।

सामान्य निर्देशः

1–सभी प्रश्न अनिवार्य है ।

2–प्रश्नपत्र में बहुविकल्पीय,अतिलघुउत्तरीय,लघु उत्तरीय और दीर्घ उत्तरीय चार प्रकार के प्रश्न है । उनके उत्तर हेतु निर्देश प्रत्येक प्रकार के प्रश्न के पहले दिये गये है ।

**निर्देशः प्रश्न संख्या 1 और 2 बहुविकल्पीय है ।**

निम्नलिखित प्रश्नों में प्रत्येक के चार चार वैकल्पिक उत्तर दिए गए है । उनमें से सही विकल्प चुनकर उन्हें कमवार अपनी उत्तर–पुस्तका में लिखिएः–

प्रश्न–1 (क)श्वसन किया में रक्त का शुद्धीकरण कौन सी गैस द्वारा होता है ? 1अंक

1–नाइट्रोजन 2–हाइड्रोजन

3–कार्बन डाई आक्साइड 4–आक्सीजन

(ख) मच्छर से कौन सा रोग होता है ? 1

1–मलेरिया 2–चेचक

3–हैजा 4–इन्फ्लुएंजा

(ग) विटामिन 'सी' का उत्तम स्रोत है ? 1अंक

1–आँवला 2–चावल

3–गेहूँ 4–उपर्युक्त सभी ।

(घ) पारिवारिक बजट बनाने का उद्देश्य है 1

1–बचत करना 2–व्यय पर नियन्त्रण

3–आय का ज्ञान 4–इनमें से सभी

प्रश्न–2–(क) रोगी का भोजन होना चाहिए :– अंक–1

1–गरिष्ठ 2–चटपटा

3–सुंपाच्य 4–बिना पका

(ख) नील का प्रयोग किया जाता है :–

1–रेशमी वस्त्र 2–सफेद सूची वस्त्र

3–ऊनी वस्त्र 4–रंगीन वस्त्र

(ग) रसोईघर के सबसे निकट होना चाहिए

1–ड्राइंग रूम 2–शयन कक्ष

3–भोजन कक्ष 4–बच्चों का कमरा

(घ) एक किलो चावल का दाम 60रू0 है तो 04 किलोचावल का मूल्य क्या है ?

1–360 रूपया 2–180रूपया

3– 240 रूपया 4–280 रूपया

निर्देशः– प्रश्न संख्या 3 और 4 अति लघु उत्तरीय है । प्रत्येक खण्ड का उत्तर लगभग 25 शब्दों में लिखिए ।

प्रश्न–3–क–श्वसन किया में कौन सी गैसों का आदान प्रदान होता है – अंक–2

ख–मोच के दो लक्षण लिखिए । अंक–2

ग– घर में जल शुद्ध करने के उपाय लिखिए – अंक–2

घ– किन्हीं दो संकामक रोगों के नाम लिखिए – अंक–2

ङ –गृहिणियों के लिए गृह गणित का क्या महत्व है – अंक–2

प्रश्न–4–क– गिल्टन चॉक का प्रयोग किसलिए किया जाता है ? अंक–2

ख–भोजन पकाने की विधियों के नाम लिखिए – अंक–2

ग–वस्त्रों पर इस्तरी करना क्यों आवश्यक है ? अंक–2

ध– मितव्ययिता का क्या अर्थ है ? अंक–2

ङ–कब्ज के रोगी के आहार में मुख्यत' किन भोज्य पदार्थो का समावेश करना चाहिए ?

निर्देश – प्रश्न संख्या 5 से 7 तक लघु उत्तरीय है । इनके प्रत्येक खण्ड का उत्तर अधिकतम 50 शब्दों के अन्तर्गत लिखिए ।

प्रश्न– 5–(क)मनुष्य के शरीर में अस्थि संस्थान की क्या उपयोगिता है ? मनुष्य के शरीर में किसी एक प्रकार की अस्थि सन्धि का वर्णन कीजिए 2+ 2=4

अथवा

तरल आहार का क्या तात्पर्य है ? सब्जियों का सूप बनाने की विधि लिखिए । 2+ 2=4

(ख) बचत को आप किन–किन योजनाओं द्वारा सुरक्षित रख सकती है ? समझाइए । 4 अंक

अथवा

पर्यावरण संरक्षण के उपाय लिखिए – 4 अंक

प्रश्न–6–क श्वांस की जीवन में क्या उपयोगिता है ?

अथवा

घर पर कपड़ा घोना क्यों उपयोगी होता है ? किन्हीं तीन बिन्दुओं पर प्रकाश डालिए। 2+ 2=4

(ख) एक घड़ी को 150 रूपये में बचने पर 20 प्रतिशत लाभ हुआ । घड़ी का क्रय मूल्य बताइए ।

अथवा

जल मानव शरीर के लिए क्यों उपयोगी है ? 4 अंक

प्रश्न–7–(क) घर की दैनिक और साप्ताहिकम सफाई का वर्णन कीजिए ।

अथवा

सादा पायजामा का ड्राफ़्ट बनाकर सिलने की विधि लिखिए ।

(ख) बजट के प्रमुख मद कौन कौन से होते है? समझाइए । 2+ 2=4

अथवा

हड्डी की टूट एवं मोच में अन्तर स्पष्ट कीजिए ।

प्रश्न– 8–पारिवारिक बजट से क्या तात्पर्य है ? बजट के प्रकार बताते हुए एक गृहिणी को उससे मिलने वाले लाभ लिखिए । 2+2+2=6

अथवा

आधुनिक रसोई घर में समय और शक्ति के बचाव के लिए कौन –कौन से उपकरणों का प्रयोग किया जता है ? उदाहरण से स्पष्ट कीजिए ।

3+3=6

प्रश्न–9–अस्थि–संस्थान का अर्थ तथा शरीर के लिए इसके महत्व कोस्पष्ट कीजिए । 3+3=6

अथवा

अशद्ध जल से फैलने वाले कौन से रोग है ? किसी एक रोग के कारण,लक्षण एवं बचने के उपाय लिखिए । 2+2+2=6

प्रश्न–10– गृह को सुसज्जित करने के क्या साधन है ?किन्हीं तीन का संक्षेप में वर्णन कीजिए । 3+3=6

विषय कोड 930 2020

# गृह विज्ञान (हाईस्कूल)

समयः तीन घण्टे 15 मिनट पूर्णांक 70

नोटः– प्रारम्भ के 15 मिनट परीक्षार्थियों को प्रश्नपत्र पढ़ने के लिए निर्धारित है ।

सामान्य निर्देश :–1– सभी प्रश्न अनिवार्य है ।

2– प्रश्नपत्र में बहुविकल्पीय,अतिलघु उत्तरीय,लघु उत्तरीय और दीर्घ उत्तरीय चार प्रकार के प्रश्न है । उनके उत्तर हेतु निर्देश पहले दिए गए है ।

निर्देश :–प्रश्न संख्या 1 और 2 बहुविकल्पीय है । निम्नलिखित प्रश्नों में प्रत्येक के चार–चार वैकल्पिक उत्तर दिए गए है ,उनमें से सही विकल्प चुनकर क्रमवार अपनी उत्तरपुस्तिका में लिखिए ।

प्रश्न–1 क– अशुद्ध जल से रोग हो जाता है । 1अंक

1–क्षयरोग 2– चेचक

3– हैजा 4– इनमें से कोई नहीं

ख– किस प्रकार के वस्त्रों में गोंद का कलफ लगाया जाता है । 1 अंक

1– रेशमी 2– ऊनी

3– सूती 4– कृतिम

ग– बर्फ की टोपी का प्रयोग कब किया जाता है ? 1 अंक

1–तेज ज्वर में 2–तीव्र वेदना में

2–पेट दर्द में 3–मोच आ जाने पर

(घ) खट्टे फलों में मुख्य विटामिन कौन सा होता है ? 1 अंक

1–विटामिन 'ए' 2–विटामिन 'बी'

3–विटामिन'डी' 4–विटामिन 'सी'

प्रश्न–2(क) मानव अस्थि संस्थान में कुलअस्थियाँ होती है – 1 अंक

1– 200 2–206

2 –216 3–106

(ख)पर्यावरण दिवस मनाया जाता है – 1 अंक

1– 1 जून 2–12 जून

3–5 जून 4–18 जून

(ग)घरेलू स्तर पर जल को शुद्ध करने की उपयुक्त विधि है 1 अंक

1– उबालना 2– आसवन

3–अवक्षेपण 4–क्लोरीनीकरण

(घ)आदर्श बजट माना जाता है – 1 अंक

1– घाटे का बजट 2–सन्तुलित बजट

3– बचत का बजट 4–दैनिक बजट

निर्देशः प्रश्न संख्या 3 और 4 अति लघु उत्तरीय है । प्रत्येक खण्ड का उत्तर लगभग 25 शब्दों में लिखिए ।

प्रश्न सं–3(क) वायु के माध्यम से फैलने वाले दो रोगों के नाम लिखिए – 2अंक

(ख )बजट बनाने का प्रमुख उद्देश्य क्या है ? 2 अंक

(ग) एक कलम का मूल्य 12 रू0 है तो छः कलम का मूल्य क्या होगा ? –2 अंक

(घ) लू लगने पर रोगी को क्या देना चाहिए ? – 2 अंक

(ड) रसोईघर में समय एवं श्रम की बचत करने वाले मुख्य उपकरणों के नाम लिखिए । 2 अंक

प्रश्न सं0–4(क) श्वसन तन्त्र के किन्हीं तीन मुख्य अंगों के नाम लिखिए । 2 अंक

(ख )वायु प्रदूषण के दो कारण लिखिए – 2 अंक

(ग) सफेद कपड़ों का पीलापन दूर करने के लिए किस चीज का प्रयोग करना चाहिए ? 2 अंक

(घ) भोजन पकाने से क्या लाभ है ? 2 अंक

(ड) घर पर कपड़ा सिलाई करने के दो लाभ क्या है ? 2 अंक

निर्देश : प्रश्न संख्या 5 से 7 तक लघु उत्तरीय है । इनके प्रत्येक खण्ड का उत्तर अधिकतम 50 शब्दों के अन्तर्गत लिखिए :–

प्रश्न सं0–5 क– ताँबे और स्टील के बर्तनों की सफाई आप किस प्रकार करेंगी ? 2+2

अथवा

बजट बनाने से गृहणी को क्या लाभ होता है ?– 4 अंक

ख– काली खाँसी के लक्षण कारण व बचने के उपाय लिखिए । 2+2

अथवा

श्वसन क्रिया का शरीर में क्या महत्व है – 4 अंक

प्रश्न सं0–6 क– शुद्ध जल तथा अशुद्ध जल में अन्तर स्पष्ट कीजिए 2+2

अथवा

प्राकृतिक तथा कृतिम श्वसन क्रिया में अन्तर स्पष्ट कीजिए 2+2

ख– चैक बुक तथा पास बुक में अन्तर लिखिए 2+2

अथवा

भोजन पकाने की कौन कौन सी विधियाँ है ? किसी दो विधि का वर्णन करो । 4 अंक

प्रश्न–सं07–क – कलफ कितने प्रकार का होता है ? चावल का कलफ बनाने की विधि लिखिए – 2+2

अथवा

सिलाई किट की क्या उपयोगिता है ? इसमें कौन सा सामान रहता है ? 2+2

ख– जल प्राप्ति के विभिन्न स्रोत क्या है ? – 4 अंक

अथवा

मानव शरीर में अस्थियों की क्या उपयोगिता है ? 4 अंक

निर्देशः प्रश्न संख्या 8 से 10 तक दीर्घ उत्तरीय । प्रश्न संख्या 8 व 9 में विकल्प दिए गए है । प्रत्येक प्रश्न के एक विकल्प का उत्तर 100 शब्दों के अन्तर्गत लिखिए ।

प्रश्न –8 डाकखाने में किन–किन योजनाओं द्वारा धन को सुरक्षित रखा जा सकता है ? विस्तार से स्पष्ट कीजिए

6 अंक

अथवा

जल किस प्रकार दूषित होता है ? अशुद्ध जल के प्रयोग से स्वास्थ्य पर क्या प्रभाव पड़ता है –3+3

प्रश्न–9 श्वसन तन्त्र के प्रमुख अंक फेफड़ों की रचना तथा कार्यो का चित्र सहित वर्णन कीजिए । 6 अंक

अथवा

पर्यावरण प्रदूषण से क्या तात्पर्य है ? यह कितने प्रकार का होता है ? किसी एक प्रकार के बारे में विस्तार पूर्वक लिखिए 3+3

प्रश्न–10 घर की सफाई से आप क्या समझती है ? घर की सफाई के विभिन्न प्रकारों का वर्णन कीजिए –6 अंक